3. सिंचाई, नहर (माईक्रो एवं लघु सिचाई कार्यो सहित)
4. इंदिरा आवास योजना के अंतर्गत लाभांवित हितग्राहियों की अथवा भूमि सुधार के हितग्राहियों अथवा अजा/अजजा अथवा गरीबी रेखा से नीचे के व्यक्तियों द्वारा धारित भूमि पर सिचाई सुविधा उपलब्ध कराना।
5. पंरपरागत जल स्त्रोत संरचनाओं का पुररुद्धार (तालाबों से गाद निकालने सहित)
6. भूमि विकास के कार्य
7. बाढ नियंत्रण एंवं जल निकासी संबंधी कार्य
8. बारहमासी ग्रामीण पहुंच मार्ग (उपयोजनांतर्गत)

कार्यक्रम ठेकेदारी प्रथा प्रतिबंधित रहेगी तथा मानव श्रम के स्थान पर कार्य करने वाली मशीनी की पूर्ण रूपेण मनाही रहेगी। हितग्राही मूलक कार्यो हेतु उपयोजना कपिलधारा, भूमिशिल्प, नंदन फलोद्यान, वान्या, रेशम, मीनाक्षी, निर्मल नीर, निर्मल वाटिका, शैलपर्ण, सहस्त्रधारा, कामधेनु, क्रीडांकन, शांतिधाम आदि उपयोजनाओं के माध्यम से हितग्राहियों का लाभांवित करना इत्यादि ।

वित्तीय प्रतिवेदन

1.4.14 को शेष राशि	वर्ष में प्राप्त केन्द्रांश	वर्ष में प्राप्त राज्यांश	योग	अन्य प्राप्तियां	कुल उपलब्ध राशि	व्यय राशि	व्यय का प्रतिशत
295.49	2610.00	290.00	3195.49	10.06	3205.55	3024.49	94

एकीकृत जलग्रहण क्षेत्र प्रबंधन मिशन

फाइल प्रक्रिया



राशि स्वीकृति हेतु



राजीव गांधी जलग्रहण क्षेत्र प्रबंधन मिशन

एकीकृत जलग्रहण क्षेत्र प्रबंधन मिशन अंतर्गत जबलपुर जिले में वर्ष 2009–10 में 04 परियोजनाएँ स्वीकृत की गई है, जिसका स्वीकृत क्षेत्रफल 25725 हेक्टेयर एवं स्वीकृत लागत 30.87 करोड़ है, जो जबलपुर जिले के कुण्डम विकासखण्ड में 02 परियोजनाएँ एवं जबलपुर विकासखण्ड (बरगी क्षेत्र) में 02 परियोजनाओं का क्रियान्वयन हो रहा है।

परियोजना क्रियान्वयन के दौरान विस्तृत कार्ययोजना प्रतिवेदन (DPR) तैयार कर ली गई है, आस्थामूलक कार्यो (46 कार्य) के रूप में लिए गए कार्य शाला वाउड्रीवॉल, सी.सी.रोड़, तालाब घाट निर्माण इत्यादि कार्य अभी तक पूर्ण कर लिए गए है। समस्त परियोजना में रिजलाइन के कार्य– स्ट्रगर्ड ट्रेंच, गली प्लगिग, वोल्डर बंधान, सी.सी.टी., सी.पी.टी. गेबियन संरचनाएँ के कार्य संपादित किए गए है। इसी प्रकार से जल संरक्षण के लिए चेकडेम, स्टॉपडेम, खेततालाब इत्यादि कार्यो को भी पूर्ण किया गया है तथा तकनीकी एवं प्रशासकीय स्वीकृति हुए कार्यो को भी पूर्ण किया जा रहा है।

शासन से प्राप्त राशि 9.8784 करोड़ प्राप्त हुए है जिसमें से राशि रू. 9.05968 करोड़ व्यय किया जा चुका है शेष राशि 0.81872 करोड़ का व्यय परियोजना के कार्यो में किया जा रहा है।

एकीकृत जलग्रहण क्षेत्र प्रबंधन मिशन अंतर्गत जबलपुर जिले में वर्ष 2011–12 में 04 परियोजनाएँ स्वीकृत की गई है, जिसका स्वीकृत क्षेत्रफल 25732 हेक्टेयर एवं स्वीकृत लागत 30.8784 करोड़ है जो जबलपुर जिले के कुण्डम विकासखण्ड में 02 परियोजनाएँ एवं जबलपुर विकासखण्ड (बरगी क्षेत्र) में 02 परियोजनाओं का क्रियान्वयन हो रहा है।

परियोजना क्रियान्वयन के दौरान विस्तृत कार्ययोजना प्रतिवेदन (DPR) तैयार की गई है जिसमें हाउस होल्ड सर्वे, नेटप्लानिंग, एलएफए, तथा प्राथमिक एवं द्वितीय डाटा का संकलन किया गया है। उक्त परियोजनाओं में 46 आस्थामूलक कार्यो की तकनीकी एवं प्रशासकीय स्वीकृति लेकर कार्य पूर्ण किया गया है तथा परियोजना स्तर पर समस्त आस्थामूलक कार्य संपादित किये गये है।

शासन से प्राप्त राशि 165.837 लाख प्राप्त हुए है, जिसमें से राशि रू. 125.30 लाख परियोजना को जारी की जा चुकी है जिसमें से राशि 120.50 लाख व्यय किया जा चुका है।

योजना	1.4.14 को शेष राशि	वर्ष में प्राप्त केन्द्रांश	वर्ष में प्राप्त राज्यांश	योग	अन्य प्राप्तियां	कुल उपलब्ध राशि	व्यय राशि	व्यय का प्रतिशत
IWMP	85.617	379.80	42.20	422.00	5.30	512.917	200.736	40

स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण)

फाइल प्रक्रिया



राशि स्वीकृति हेतु



स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) :

भारत सरकार द्वारा निर्मल भारत अभियान को नवीन कार्यक्रम **"स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण)"** के रूप में संचालित करने का निर्णय लिया गया है। माननीय प्रधानमंत्री द्वारा स्वच्छ भारत मिशन का **शुभारंभ दिनांक 02 अक्टूबर 2014** को किया गया है। स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत क्रियान्वयन संबंधी दिशा निर्देश एवं घटकवार प्रावधान है :–

1. व्यक्तिगत शौचालय निर्माण हेतु पूर्व में प्रावधानित राशि रूपये 10000/– को रू. 12000/– किया गया है। इस राशि से व्यक्तिगत शौचालय के साथ जल की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु पानी की टंकी एवं हाथ धुलाई वाश वेसिन की इकाई भी लगाना अनिवार्य है।
2. व्यक्तिगत शौचालय निर्माण में पूर्व में प्रचलित मनरेगा से सहयोजन समाप्त कर दिया गया है। शौचालय निर्माण हेतु प्रोत्साहन राशि रू. 12000/– स्वच्छ भारत मिशन से ही देय होगी।
3. व्यक्तिगत शौचालय निर्माण की राशि के लिये रू. 9000/– (75 प्रतिशत) केन्द्रीय मद से तथा राशि रू. 3000/– (25 प्रतिशत) राज्य के मद से प्रदाय किया जायेगा।

क्रं.	घटक	वर्ष 2014–15 की भौतिक लक्ष्य एवं उपलब्धि			वर्ष 2014–15 की वित्तीय लक्ष्य एवं उपलब्धि		
		वार्षिक लक्ष्य	उपलब्धि	उपलब्धि का प्रतिशत	वार्षिक लक्ष्य	उपलब्धि	उपलब्धि का प्रतिशत
1	बी.पी.एल. शौचालय	5736	4237	74.00	263.86	194.90	74.00
2	ए.पी.एल. शौचालय	3824	3260	85.00	175.90	149.96	85.00
3	स्कूल शौचालय	0	0	0	0	0	0
4	आंगनबाड़ी शौचालय	0	0	0	0	0	0
5	स्वच्छता परिसर	0	0	0	0	0	0

मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम

फाइल प्रक्रिया



राशि स्वीकृति हेतु



मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम

- यह केन्द्र प्रवर्तित कार्यक्रम है जो भारत सरकार द्वारा समस्त शासकीय एवं अनुदान प्राप्त प्राथमिक/माध्यमिक शालाओं में छात्र–छात्राओं की दर्ज संख्या मे वृद्धि हेतु लागू की गई है । इसके अंतर्गत समस्त विकासखंडो में भोजन पकाकर छात्र–छात्राओं में वितरित किया जाता है ।
- अनाज के रूप मे 100 प्रतिशत अनुदान भारत सरकार द्वारा सीधे जिले को उपलब्ध कराया जाता है ।

शाला का स्तर	01.04.14 को शेष	वर्ष में प्राप्त केन्द्रांश	वर्ष में प्राप्त राज्यांश	योग	अन्य प्राप्तियां	कुल उपलब्ध राशि	व्यय राशि	व्यय का प्रतिशत	कुल लाभान्वित छात्र/छात्राओं की संख्या
प्राथमिक	359.45	486.15	154.95	641.10	0	1000.55	778.85	77.80	104186
माध्यमिक	61.34	415.93	125.67	541.60	0	602.94	645.79	100.00	63442

जिला ग्रामीण विकास अभिकरण योजना

- ग्रामीण विकास विभाग की केन्द्र प्रवर्तित योजनाओं को प्रभावी रूप से संचालित करने हेतु सरकार द्वारा यह योजना प्रारंभ की गई है ।

वित्तीय प्रतिवेदन(वर्ष 2013–14 एवं 2014–15)

वर्ष	1.4.14 को शेष राशि	वर्ष में प्राप्त केन्द्रांश	वर्ष में प्राप्त राज्यांश	योग	अन्य प्राप्तियां	कुल उपलब्ध राशि	व्यय राशि	व्यय का प्रतिशत
2013-14	2.955	74.05	24.69	98.74	108.45	210.145	208.803	99
2014-15	1.342	25.55	15.09	40.64	76.00	117.982	112.737	96

समग्र सामाजिक सुरक्षा पेंशन :–

1) योजना क्या है –

निराश्रित व्यक्तियों को जीविकोपार्जन के लिये आर्थिक सहायता पहुॅचाना।

2) पात्रता की शर्तें–

म.प्र.के मूल निवासी, गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले।

- 60 वर्ष या अधिक आयु के निराश्रित वृद्ध।
- 18 वर्ष से 39 वर्ष की विधवा।
- 18 से 59 वर्ष की परित्यक्तता महिला।
- 6 वर्ष से अधिक 18 वर्ष से कम आयु के निःशक्तजन (न्यूनतम निःशक्तता 40 प्रतिशत)

3) क्या लाभ मिलेगा–

150/– रू. प्रतिमाह की दर से सामाजिक सुरक्षा पेंशन।

4) समग्र सामाजिक सुरक्षा पेंशन के अन्तर्गत 30128 हितग्राहियों को लाभांवित किया गया।

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना :–

- **योजना क्या है–**
  यह योजना भारत सरकार तथा राज्य सरकार के माध्यम से संचालित है।
- **पात्रता की शर्तें–**
  जिनकी आयु 60 वर्ष से अधिक उम्र के गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करता हो।
- **क्या लाभ मिलेगा–**
  - 60 वर्ष एवं 65 वर्ष से कम आयु के वृद्धों को प्रतिमाह 200/– रू.दी जाती है।
  - 65 वर्ष एवं 80 वर्ष से कम आयु के वृद्धों को प्रतिमाह 275/– रू.दी जाती है।
  - 80 वर्ष अथवा उससे अधिक आयु के वृद्धों को प्रतिमाह 500/– रू.दी जाती है।
- वर्ष 2014–2015 में इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन के अन्तर्गत 38831 हितग्राहियों को पेंशन का लाभ दिया गया है।

वित्तीय प्रगति :–

योजना का नाम	वर्ष में प्राप्त केन्द्रांश	वर्ष में प्राप्त राज्यांश	योग	अन्य प्राप्तियां	कुल उपलब्ध राशि	व्यय राशि	व्यय का प्रतिशत
समग्र सामाजिक सुरक्षा पेंशन	–	265.81	265.81	–	265.81	265.81	100
इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन	–	665.87	665.87	–	665.87	665.87	100

राष्ट्रीय परिवार सहायता योजना :–

1) योजना क्या है–

यह योजना भारत सरकार तथा राज्य सरकार के माध्यम से संचालित है। यह योजना गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले परिवार के मुखिया (स्त्री/पुरूष) की मृत्यु होने पर आश्रितों को एक मुश्त सहायता करना।

2) पात्रता की शर्तें–

- परिवार गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करता हो।

- परिवार के ऐसे सदस्य की मृत्यु हो जाय जिसकी कमाई से ही अधिकांशतः परिवार का गुजारा होता हो।
- मृत्यु दिनांक को मृत्यु सदस्य की आयु 18 से 59 वर्ष के बीच होनी चाहिये।
- परिवार में पति–पत्नि अवयस्क बच्चे, अविवाहित पुत्रियां, माता–पिता शामिल होगें।

3) क्या लाभ मिलेगा–

- मृत्यु होने पर मृतक के आश्रित को रू. 20000/– का क्रास चैक एक मुश्त भुगतान किया जाता है।

4) राष्ट्रीय परिवार सहायता योजनान्तर्गत अभी तक कुल **382** हितग्राहियों को लाभान्वित किया जा चुका है।

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना :–

1) योजना क्या है–

यह योजना भारत सरकार तथा राज्य सरकार के माध्यम से संचालित है। यह योजना गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाली 40 वर्ष से 79 वर्ष के बीच की विधवा महिलाओं को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराना है।

2) पात्रता की शर्ते–

- ऐसी विधवा महिला जिनकी आयु 40 वर्ष से 79 वर्ष के बीच हो।
- गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करती हो।

3) क्या लाभ मिलेगा–

- 300/– प्रतिमाह पेंशन (भारत सरकार द्वारा)

4) योजनान्तर्गत 16266 हितग्राहियों को लाभान्वित किया जा चुका है।

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय निःशक्त पेंशन योजना :–

1) योजना क्या है–

यह योजना भारत सरकार तथा राज्य सरकार के माध्यम से संचालित है। यह योजना गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले 18 वर्ष से 79 वर्ष के बीच के 80 प्रतिशत निःशक्तता वाले निःशक्त व्यक्तियों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराना है।

2) पात्रता की शर्ते–

- ऐसे निःशक्त जिनकी आयु 18 वर्ष से 79 वर्ष के बीच हो।
- गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करती हो।
- चिकित्सक द्वारा जारी 80 प्रतिशत या इससे अधिक का निःशक्तता प्रमाण पत्र।

3) क्या लाभ मिलेगा–

- 300/– प्रतिमाह पेंशन (भारत सरकार द्वारा)

4) योजनान्तर्गत 3966 हितग्राहियों को लाभान्वित किया जा चुका है।

मुख्य मंत्री कन्या अभिभावक पेंशन योजना :–

1) ऐसे दम्पत्ति जिनकी केवल कन्याऐं हैं और कन्याओं के विवाह उपरांत उन दम्पत्तियों को शासन की ओर से सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने की दृष्टि से मुख्यमंत्री कन्या अभिभावक पेंशन योजना 01.04.2013 से 500/– रुपये प्रतिमाह प्रारम्भ की गई है।

2) मध्य प्रदेश के मूल निवासी हो।

3) दंपत्ति में से किसी एक की न्यनतम आयु 60 वर्ष हो।

4) दंपत्ति की संतान मात्र पुत्री हो, पुत्रियों का विवाह हो चुका हो।

5) दंपत्ति आयकर दाता न हो।

6) अप्रैल 2014 से अक्टूबर 2014 तक 624 दम्पत्तियों को लाभांवित किया गया।

मुख्यमंत्री कन्यादान योजना :–

- जरूरत मंद निराश्रित/निर्धन परिवारों की विवाह योग्य कन्या/विधवा/परित्यक्ता को सामूहिक विवाह हेतु आर्थिक सहायता उपलब्ध कराना।
- मध्य प्रदेश का निवासी हो तथा परिवार मध्य प्रदेश में निवासरत् हो।
- कन्या की उम्र 18 एवं लड़के की उम्र 21 वर्ष से कम न हो।
- कन्या के दाम्पत्य जीवन की खुशहाली के लिऐ 05 वर्ष तक के लिऐ सावधि जमा रूपये 10000/– हजार
- विवाह संस्कार के लिऐ आवश्यक सामग्री (मंगलसूत्र, बिछिया, पायजेब(चांदी के) तथा 07 बर्तन) रुपये 5000/– हजार
- कन्या की गृहस्थी की सामग्री हेतु अन्य सामग्री क्रय करने के लिऐ रुपये 7000/– हजार
- सामुहिक विवाह कार्यक्रम आयोजित करने के लिऐ निकाय यथा – नगरीय निकाय, ग्रामीण निकाय को व्यय की प्रतिपूति हेतु रुपये 3000/– हजार
- अप्रैल 2014 से अक्टूबर 2014 तक कुल 208 जोडों को योजना का लाभ दिया गया।

निःशक्त छात्रवृत्ति योजना :–

- निःशक्त छात्र/छात्राओं को शिक्षण/प्रशिक्षण के क्षेत्र में आर्थिक रूप से मदद देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास करना। प्रदेश के सभी वर्ग के कक्षा 1लीं से स्नातकोत्तर एवं तकनीकी पाठ्यक्रमों में नियमित रूप से शासकीय/अशासकीय प्रशिक्षण संस्थाओं में अध्ययनरत् निःशक्त छात्र/छात्राओं को निःशक्त छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है।
- ऐसे निःशक्त छात्र/छात्राऐं जिनकी निःशक्तता जिला मेडिकल बोर्ड द्वारा 40 प्रतिशत या इससे अधिक का प्रमाण पत्र जारी किया है।
- निःशक्त छात्र/छात्राओं हेतु छात्रवृत्ति की दर निम्नानुसार हैः–

क्र.	स्कूल का स्तर	कक्षा	दर	दस माह हेतु
1	प्राथमिक एवं मिडिल स्तर	1 से 8 तक	रू. 50/–	रू. 500/–
2	माध्यमिक/उच्चतर माध्यमिक स्तर/आईटीआई	9 से 12 तक	रू. 100/–	रू. 1000/–
3	स्नातक/स्नातकोत्तर/पॉलीटेक्निक	सभी संकाय को एक समान	रू. 200/–	रू. 2000/–

दृष्टिबाधित निःशक्त को वाचक भत्ता

क्र.	स्कूल का स्तर	दर	दस माह हेतु
1	स्नातक/पॉलीटेक्निक	रू. 100/–	रू. 1000/–
2	स्नातकोत्तर	रू. 125/–	रू. 1250/–
3	तकनीकी पाठ्यक्रम	रू. 150/–	रू. 1500/–

प्रोत्साहन राशि

परीक्षा का स्तर	नियमित प्रवेश	प्रोत्साहन राशि
कक्षा 8वीं	कक्षा 9वीं	रू. 2500/– एकमुश्त
कक्षा 10वीं	कक्षा 11वीं	
कक्षा 12वीं	स्नातक (किसी भी संकाय में प्रवेश लेने पर)	रू. 3000/– एकमुश्त

छात्रवृत्ति, वाचक भत्ता, प्रोत्साहन राशि प्राप्त करने के लिये निम्नानुसार पात्रता की शर्ते रहेंगी

1. विद्यार्थी मध्यप्रदेश का निवासी हो तथा शासकीय अथवा मान्यता प्राप्त शैक्षणिक संस्था में नियमित रूप से अध्ययनरत् हो।
2. 40 प्रतिशत या इससे अधिक निःशक्तता वाले विद्यार्थी जिनकों चिकित्सक द्वारा प्रमाण पत्र जारी किया गया हो।
3. उत्कृष्ट विद्यार्थियों को प्रोत्साहन राशि शासकीय स्कूलों में नियमित परीक्षार्थी के रूप में बोर्ड की परीक्षा में 60 प्रतिशत या अधिक अंक प्राप्त किये हों।

शारीरिक रूप से विकलांग व्यक्तियों को विशेष साधन/उपकरण देने की योजनाः–

- विभाग द्वारा निःशक्त व्यक्तियों के शारीरिक एवं सामाजिक पुनर्वास हेतु शल्य चिकित्सा एवं कृत्रिम/सहायक उपकरण की सुविधा निःशुल्क सुलभ कराई जाती है। ?
- ऐसे निःशक्त जिनकी निःशक्तता 40 प्रतिशत अथवा इससे अधिक है तथा जिला मेडिकल बोर्ड द्वारा प्रमाण पत्र जारी किया गया है।
    - निःशक्त व्यक्ति एवं उसके परिवार की वार्षिक आय रुपये 96000/– से अधिक न हो।
    - कक्षा 12 से उच्च स्तर तक के अध्ययनरत दृष्टिबाधित छात्र/छात्राओं को उनके पूरे शैक्षणिक काल में केवल एक बार टेप रिकार्ड उपलब्ध कराया जाता है किन्तु उनके अभिभावक की वार्षिक आय 96000/– से अधिक न हो।

योजनान्तर्गत क्या लाभ मिलेगा–

1. ट्रायसाईकिल, 2. वैशाखी, 3. व्हील चेयर, 4. कैलीपर्स, 5. ब्लाईड स्टिक, 6. कृत्रिम पैर–हाथ, 7. श्रवण यंत्र, टेप रिकार्डर आदि।

मुख्य मंत्री मजदूर सुरक्षा योजना–2007 :–

- प्रसूति सहायता चिकित्सा सहायता योजना चिकित्सा विभाग को हस्तांतरित की जा चुकी है।

आम आदमी बीमा योजना :–

- यह योजना केन्द्र सरकार एवं मध्य प्रदेश सरकार सामाजिक न्याय विभाग की भारतीय जीवन बीमा निगम द्वारा व्यसीोपित विशेषकर ग्रामीण भूमिहीन परिवारों के लिये निःशुल्क जीवन बीमा योजना है।
- 18 से 59 वर्ष के व्यक्ति एवं सदस्य।
- ग्रामीण भूमिहीन परिवार का प्रमुख या परिवार का रोजगार करने वाला एक व्यक्ति हो सकता है।
- दुर्घटना से मृत्यु होने पर अथवा दुर्घटना के कारण आंशिक/पूर्ण स्थाई अपंगता होने पर निम्न लाभ देय होगें–
- दुर्घटना से मृत्यु होने पर 75000/– रू.
- दुर्घटना में स्थाई पूर्ण अपंगता होने पर 75000 रू.
- बीमा अवधि समाप्त होने से पूर्व सदस्य की मृत्यु होने पर 30000/– का बीमा धन नामांकित व्यक्ति को देय होगा।
- 9वीं से 12वीं अध्ययनरत् 2 छात्रप्रति परिवार का प्रतिमाह 100/– रू. शिक्षावृत्ति शासन द्वारा प्रदान की जाऐगी।
- जिले में योजनान्तर्गत वर्ष 2014–15 में कुल अप्रैल 14 से अक्टूबर 14 तक 48618 प्रकरण एलआईसी जबलपुर को प्रेषित किये गये।

जनश्री बीमा योजना :–

- यह योजना केन्द्र सरकार एवं मध्य प्रदेश सरकार सामाजिक न्याय विभाग की भारतीय जीवन बीमा निगम द्वारा व्यसीोपित विशेषकर ग्रामीण भूमिहीन परिवारों के लिये निःशुल्क जीवन बीमा योजना है।
- 18 से 59 वर्ष के व्यक्ति एवं सदस्य।
- गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले बीमित सदस्य।
- दुर्घटना से मृत्यु होने पर अथवा दुर्घटना के कारण आंशिक/पूर्ण स्थाई अपंगता होने पर निम्न लाभ देय होगें–
- दुर्घटना से मृत्यु होने पर 75000/– रू.
- दुर्घटना में स्थाई पूर्ण अपंगता होने पर 75000 रू.
- बीमा अवधि समाप्त होने से पूर्व सदस्य की मृत्यु होने पर 30000/– का बीमा धन नामांकित व्यक्ति को देय होगा।
- 9वीं से 12वीं अध्ययनरत् 2 छात्रप्रति परिवार का प्रतिमाह 100/– रू. शिक्षावृत्ति शासन द्वारा प्रदान की जाऐगी।
- जिले में योजनान्तर्गत वर्ष 2014–15 में कुल अप्रैल 14 से अक्टूबर 14 तक 161447 प्रकरण एलआईसी जबलपुर को प्रेषित किये गये।

अन्त्येष्टि सहायता :–

- अन्त्येष्टि से आशय मृतक के अंतिम संस्कार से है जो उसकी धार्मिक रीति से संपन्न किया जाता हो।
- श्रमिक संवर्ग – श्रमिक संवर्ग से आशय मध्यप्रदेश शासन के विभिन्न विभागों के अन्तर्गत संचालित श्रमिक वर्ग की योजनाओं में पंजीकृत सदस्य अथवा लावारिस, अत्यधिक निर्धन, निराश्रित हो से है :–
  1) मध्यप्रदेश मुख्यमंत्री मजदूर सुरक्षा योजना
  2) मध्यप्रदेश शहरी घरेलू कामकाजी महिला कल्याण योजना
  3) मध्यप्रदेश मुख्यमंत्री हाथठेला एवं साईकिल रिक्शा चालक योजना
  4) मुख्यमंत्री (पथ पर विक्रय करने वाले) शहरी गरीबों के लिऐ कल्याण योजना
  5) केश शिल्पी, कल्याण योजना
  6) मध्यप्रदेश हम्माल एवं तुलावटी कल्याण योजना
  7) मध्यप्रदेश भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल की संचालित योजनाऐं
  8) दीनदयाल अन्त्योदय उपचार योजना/राज्य बीमारी सहायता/मुख्यमंत्री बाल हृदय उपचार योजना
  9) आम आदमी बीमा योजना/जनश्री बीमा योजना
  10) मुख्यमंत्री कन्यादान योजना/मुख्यमंत्री निकाह योजना
- मध्यप्रदेश का मूल निवासी हो।
- अन्त्येष्टि सहायता हेतु मृतक मध्यप्रदेश शासन के अन्तर्गत संचालित श्रमिक संवर्ग के रूप में पंजीकृत परिवार का सदस्य हो।
- जिन हितग्राहियों को अन्त्येष्टि सहायता और जिन मृतकों के लिये अन्त्येष्टि सहायता उपलब्ध कराई जा रही है उनका नाम समग्र पोर्टल (समग्र सामाजिक सुरक्षा कार्यक्रम के अन्तर्गत निर्मित पोर्टल) पर नाम दर्ज होगा और भुगतान की गई राशि का उसमें विवरण देना होगा।
- अन्येष्टि सहायता हेतु रुपये 2000/– की राशि।
- अप्रैल 2014 से अक्टूबर 2014 तक कुल 67 हितग्राहियों को योजना का लाभ दिया गया।

बहुविकलांग/मानसिक रूप से अविकसित निःशक्तजन को सहायता अनुदानः–

- यह योजना केवल ऐसे बहुविकलांग/मानसिक रूप से अविकसित निःशक्तजन के लिये आर्थिक सहायता देना है।
- 6 वर्ष से अधिक आयु के मानसिक/बहुविकलांग होना चाहिये।
- मध्य प्रदेश का मूल निवासी होना चाहिये।
- जिला मेडिकल बोर्ड द्वारा जारी निःशक्तता का 40 प्रतिशत हो।
- हितग्राही को 500/– रू. प्रतिमाह।

निःशक्त छात्र/छात्राओं के लिऐ उच्च शिक्षा में दी जाने वाली फीस, निर्वाह भत्ता, परिवहन भत्ता, योजना 2008 :–

- यह योजना कक्षा 10+2 की शिक्षा के पश्चात् इंजीनियरिंग/मेडिकल/कम्प्यूटर एवं प्रबंधन में स्नातक/स्नातकोत्तर की शिक्षा प्राप्त करने हेतु नियमित निःशक्त छात्र–छात्राओं के लिये है।
- छात्र/छात्रा की निःशक्तता कम से कम 40 प्रतिशत या इससे अधिक हो।
- मध्य प्रदेश का मूल निवासी होना चाहिये।
- छात्र/छात्रा मध्य प्रदेश स्थित विश्वविद्यालय/महाविद्यालय में नियमित रूप से अध्ययनरत् हो।
- निःशक्त छात्र/छात्रा के माता–पिता/पालक/अभिभावक की वार्षिक आय रू. 96000/– से अधिक न हो।
- छात्र/छात्रा को शिक्षण शुल्क।
- छात्र/छात्रा को निर्वाह भत्ता 1500/– प्रतिमाह 10 माह तक।
- छात्र/छात्रा को परिवहन भत्ता। नगर निगम क्षेत्र के लिये रू.500/– प्रतिमाह 10 माह तक एवं नगर पालिका क्षेत्र के लिये रू. 300/– प्रतिमाह 10 माह तक।

निःशक्तजन अभ्यर्थियों को सिविल सेवा परीक्षाओं कें सफलता प्राप्त करने पर प्रोत्साहन योजना 2008 :–

- शासन द्वारा योजना के तहत निःशक्त व्यक्तियों को आर्थिक पुनर्वास की दृष्टि से मध्य प्रदेश शासन लोक सेवा आयोग एवं संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित होने वाली सिविल सेवा परीक्षा में सफलता प्राप्त करने पर प्रोत्साहन राशि अगस्त 2008 से प्रारंभ की गई है।
- मध्य प्रदेश का मूल निवासी होना चाहिये।
- लोक सेवा आयोग/संघ लोक सेवा की परीक्षा में उत्तीर्ण हो।
- प्रारंभिक परीक्षा में उत्तीर्ण होने पर रू. 20000/–
- मुख्य परीक्षा में उत्तीर्ण होने पर रू. 30000/–
- अंतिम चयन होने पर रू. 20000/–
- प्रोत्साहन राशि प्रत्येक स्तर पर किसी अभ्यर्थी को एक ही बार देय होगी।

निःशक्तजन छात्र/छात्राओं को प्रोत्साहन हेतु छात्रवृत्ति योजना :–

- कक्षा 8वीं में 60 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र/छात्राओं को उच्चतर माध्यमिक स्तर 9वीं में नियमित छात्र/छात्रा के रूप में प्रवेश लेने पर कक्षा 10वीं में 60 प्रतिशत से अधिक अंकों के साथ उत्तीर्ण करने वाले छात्र/छात्राओं को उच्चतर माध्यमिक स्तर 11वीं में नियमित छात्र/छात्रा के रूप में एवं 12वीं की परीक्षा 60 प्रतिशत से अधिक अंकों के साथ उत्तीर्ण करने वाले निःशक्त छात्र/छात्राओं को स्नातक स्तर पर महाविद्यालय में नियमित छात्र/छात्रा के रूप में प्रवेश लेने पर

प्रोत्साहन राशि प्रदान की जावेगी। उक्त प्रोत्साहन राशि की प्रतिपूर्ति छात्रवृत्ति योजना के तहत की जावेगी।

- कक्षा 8वीं की परीक्षा 60 प्रतिशत अंक के साथ उत्तीर्ण होने पर।
- कक्षा 10वीं की परीक्षा 60 प्रतिशत अंक के साथ उत्तीर्ण होने पर।
- कक्षा 12वीं की परीक्षा 60 प्रतिशत अंक के साथ उत्तीर्ण होने पर।
- निःशक्तता प्रमाण पत्र।
- कक्षा 8वीं से 9वीं की परीक्षा 60 प्रतिशत अंक के साथ उत्तीर्ण होने पर 2500/– एक मुश्त।
- कक्षा 10वीं से 11वीं की परीक्षा 60 प्रतिशत अंक के साथ उत्तीर्ण होने पर 2500/– एक मुश्त।
- कक्षा 12वीं से स्नातक की परीक्षा 60 प्रतिशत अंक के साथ उत्तीर्ण होने पर 3000/– एक मुश्त।

लीगल गार्जियनशि (राष्ट्रीय न्याय) :–

- मानसिक मंदता, स्वपरायणता प्रमस्तिष्क घात, बहुविकलांग उक्त श्रेणी के निःशक्तों को 18 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर जिला लोकल लेवल कमेटी नेशनल ट्रस्ट द्वारा लीगल गार्जियन शिप प्रदान की जाती है।
- 18 वर्ष की आयु पूर्ण हो।
- निःशक्तता प्रमाण पत्र।
- माता–पिता के जीवित होने या उनके न होने पर नजदीकी रिश्तेदार।
- लीगल गार्जियन के लिये 2 साक्षी जो उसके निवास के आसपास का पड़ोसी या नजदीकी से संबंधित को जानता हो।
- उनके जीवन पर्यन्त समग्र पुनर्वास के लिये व्यवस्था।
- कानूनी संरक्षता प्रदान करना।
- हितग्राही के संपत्ति का संरक्षण।

निरामय स्वास्थ्य बीमा योजना :–

- मानसिक निःशक्त, मानसिक मंदता, स्वपरायणता, प्रमस्तिष्कघात, बहुविकलांग उक्त श्रेणी के निःशक्तजनों को 0 वर्ष से स्वास्थ्य बीमा योजना का लाभ दिया जाता है।
- निःशक्तता प्रमाण पत्र।
- 1 लाख रू. तक की चिन्हित अस्पताल में उपचार एवं ईलाज।

13 वां वित्त आयोग

वर्ष 2010–11 में शासन द्वारा ग्राम पंचायतों के खातों में सीधे जमा कराई जाती है । ग्राम पंचायत द्वारा उपलब्ध कराई गई राशि का उपयोग शासन द्वारा निर्धारित योजनायें जैसैः–

- ग्राम पंचायत स्तर ई–गवर्नेंस की व्यवस्था
- पंचायतों मे अधोसंरचना विकास एवं परिसंपत्तियों का रख रखाव ।
- पेयजल व्यवस्था एवं जल प्रदाय योजना ।
- पंचायत भवन के कार्यालय में मूलभूत सुविधाओं का विकास कार्य कराये गये ।

वित्तीय प्रगति(30 नवंबर 2011)

क्रं.	वर्ष	प्रथम किश्त	द्वितीय किश्त	योग
1	2010–11	282.86	279.19	562.05
2	2011–12	–	–	–

अनुदान के प्रोग्राम के प्रवर्तन की रीति और आवंटन रकमों और ऐसे प्रोग्रामों के हितग्राहियों के विवरण

- भिन्न भिन्न योजनाओं के अंतर्गत अनुदान की रीति भिन्न भिन्न होती है जो कि केन्द्र/राज्य शासन द्वारा दिये गये निर्देशों में ही निहीत होती है । दिशा निर्देश से हटकर किसी भी प्रकार का अनुदान नही दिया जाता है । अनुदान की पद्धति योजनाओं की दिशा निर्देशों मतें उपलब्ध है ।
- हितग्राहियो का विवरण जनपद स्तर पर संधारित किया गया है एवं उपलब्ध है ।

दी गई रियायतें/सुविधाओं, अनुज्ञा पत्रो या मंजूर किये गये प्राधिकारों को प्राप्त करने वालो की प्रविशिष्टयां

- योजना अनुसार हितग्राहियों, सामाजिक संस्थाओं, गैर सरकारी संगठनों को ग्रामीण विकास के कार्यक्रमों के संचालन हेतु रियायतें/सुविधायें दी जाती है से संबंधित अभिलेख योजनावार कार्यालय में उपलब्ध है ।

धारित इलेक्ट्रानिक्स फार्म में सूचना के बारे में विवरण

- समस्त योजनाओं के साथ साथ अन्य जानकारियां भी कम्प्यूटराईज की गई है एवं समस्त अभिलेख कम्प्यूटर पर तैयार करने के पश्चात उन्हे इलेक्ट्रानिक्स रूप से सुरक्षित रखा जाता है एवं आवश्यकता पडने पर सूचनाये उपलब्ध हैं ।

अभिलेखों की सूची तथा उसका वर्गीकरण

क्रं.	अभिलेख का नाम	अभिलेख का प्रकार जैसं माइक्रो फिल्म, रजिस्टर, पुस्तक, फ्लापी	अभिलेखों की प्रकृति समाहित विवरण
1	समस्त योजना की स्वीकृति संबंधी नस्तियां	नस्तियां	स्वीकृत कार्यों की सूची का रजिस्टर संधारण
2	समस्त योजना की लेखा संबंधी नस्तियां	नस्तियां	स्वीकृत कार्यों की राशि जारी करने का कार्यवार विवरण
3	अन्य विविध नस्तियां	नस्तियां	विभिन्न दिशा निर्देश एवं बैठकों संबंधी नस्तियें का संधारण
4	केशबुक	रजिस्टर	समस्त योजनाओं का आय व्यय का विस्तृत विवरण
5	लेजर	रजिस्टर	समस्त योजनाओं हेतु प्रदाय राशि का एजेंसीवार विस्तृत विवरण
6	स्टॉक रजिस्टर	रजिस्टर	कार्यालय में उपलब्ध समस्त सामग्रियों का वस्तुवार विवरण
7	चैकबुक एवं बैंक संबंधी अन्य रिकार्ड	चेकबुक एवं बैंक पासबुक	बैंकों में जमा राशि एवं आहरित राशि का विवरण

अधिनियम, रेगुलेशन, मैन्युअल की सूची

अधिनियम

- पंचायत राज अधिनियम 1993
- राज्य शासन द्वारा जारी समस्त गजट
- सूचना का अधिकार अधिनियिम 2005
- राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम–2005

रेगुलेशन

मैन्युअल

- एस.जी.एस.वाय.योजना की भारत सरकार की गाईड लाईन
- वाटरशेड, हरियाली परियोजना की भारत सरकार की गाईड लाईन
- इंदिरा आवास योजना की भारत सरकार की गाईड लाईन
- मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास मिशन की गाईड लाईन
- राष्ट्रीय काम के बदले अनाज योजना की भारत सरकार की गाईड लाईन
- 12वां एवं 13वां वित्त आयोग की राज्य सरकार की गाईड लाईन
- मूलभूत सुधार कार्य की राज्य सरकार की गाईड लाईन
- सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना की गाईड लाईन
- राष्ट्रीय परिवार सहायता योजना की गाईड लाईन
- राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना की गाईड लाईन
- राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना–म.प्र.

नागरिकों के लिये जिला पंचायत जबलपुर द्वारा सूचना प्राप्त करने के लिये उपलब्ध सुवधियें

- सूचना पटल
- दस्तावेजों को प्राप्त करने की व्यवस्था
- अभिलेखों का निरीक्षण
- जिला पंचायत जबलपुर की वेबसाईट www.zpjabalpur.nic.in

लोक सूचना अधिकारी/अपीलीय अधिकारी का नाम

- सहायक लोक सूचना अधिकारी श्री शैलेन्द्र अग्रवाल, सहायक परियोजना अधिकारी जिला पंचायत जबलपुर
- लोक सूचना अधिकारी श्रीमती रूपा शर्मा शुक्ला, परियोजना अधिकारी, जिला पंचायत जबलपुर
- अपीलीय अधिकारी सुश्री नेहा मारव्या, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत जबलपुर

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना में लोक सूचना अधिकारी/अपीलीय अधिकारी का नाम

- सहायक लोक सूचना अधिकारी श्री जी.एस. तेकाम, परियोजना अधिकारी (प्रशासन) जिला पंचायत जबलपुर
- लोक सूचना अधिकारी सुश्री नेहा मारव्या, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत जबलपुर
- अपीलीय अधिकारी श्री शिवनारायण रूपला, कलेक्टर जिला जबलपुर

एकीकृत जलग्रहण क्षेत्र प्रबंधन कार्यक्रम में लोक सूचना अधिकारी/अपीलीय अधिकारी का नाम

- लोक सूचना अधिकारी श्री राजेन्द्र सिंह चौहान, तकनीकी विशेषज्ञ, जिला पंचायत जबलपुर
- अपीलीय अधिकारी सुश्री नेहा मारव्या मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत जबलपुर

ऐसी अन्य सूचनायें जो विहित की जाये :—   आवश्यकतानुसार

आवेदन की तैयारी कैसे करें ?

आवेदक को सूचना लेने के लिये आवेदन लोक सूचना अधिकारी/
सहायक लोक सूचना अधिकारी को देना होगा

↓

आवेदन के साथ निर्धारित शुल्क रू. 10/— जमा करना होगा
(नॉन ज्यूडीशियल पेपर/संबंधित कार्यालय से रसीद कटावें)

↓

मांगी जा रही जानकारी का विवरण देना आवश्यक होगा, लेकिन यह बताना जरूरी नही होगा कि वह सूचना क्यो मांग रहा है और न ही लोक सूचना अधिकारी/सहायक लोक सूचना अधिकारी इस बावत पूछताछ करेगा

↓

आवेदन पर स्थायी पता देना आवश्यक होगा
चाही गई जानकारी मिलने की समय सीमा
लोक सूचना अधिकारी से सूचना मांगे जाने पर

↓

या तो 30 दिन के भीतर
सूचना प्रदान करेगा

↓

यदि सूचना किसी व्यक्ति के जीवन या स्वतंत्रता से संबंधित है तो 48 घंटों के अंदर सूचना को उपलब्ध कराना होगा

या आवेदन निरस्त करेगा

↓

यदि आवेदन निरस्त किया जाता है तो लोक सूचना अधिकारी/सहायक लोक सूचना अधिकारी का यह कर्तव्य होगा कि वह आवेदकों को

↓

आवेदन निरस्त करने की कारण बताएं

वह समयसीमा भी बताएं जिसके भीतर अपील की जा सकेगी

आवेदन निरस्त होने के बाद अपील कहां की जाएगी उस व्यक्ति का नाम व पता भी बताना होगा

अगर मांगी गई जानकारी समय पर न मिले तो....................

ऐसी स्थिति में आवेदक को निर्धारित समय सीमा के बाद इसकी शिकायत अपीलीय अधिकारी से करनी चाहिए। आवेदक को आवेदन देते समय आवेदनकी एक अन्य प्रति पर रसीद प्राप्त करें ।

प्रथम अपीलीय अधिकारी

↓

विभाग प्रमुख(लोक सूचना अधिकारी से वरिष्ठ अधिकारी)
(सूचना न देने के आदेश पत्र की तिथि से 30 दिनों के अंदर विभाग प्रमुख के पास अपील की जा सकेगी । रू. 50/— शुल्क के रूप में अवश्य जमा करें । यहां से भी जवाब न मिलने या निर्णय से आवेदक असंतुष्ट है तो

↓

सूचना आयोग

पत्र की तिथि के 90 दिन की अवधि के अंदर राज्य सूचना आयोग में अपील करना होगा यहा आवेदन दो प्रतियों में 100 रू. शुल्क के साथ जमा करें ।

सूचना प्राप्त करने के लिये शुल्क की व्यवस्था

- सूचना के पाने का खर्च 2/– प्रति पृष्ठ
- वृहत आकार के कागज में किसी प्रतिलिपि का वास्तविक प्रभार या लागत
- नमूनों या प्रतिदर्शों के लिए वास्तविक लागत या मूल्य जहां सूचना निर्धारित मूल्य के प्रकाशन के रूप में उपलब्ध हो वहां नियत किया गया मूल्य ।
- दस्तावेजों की जांच करने का शुल्क पहले घंटे का 50/–रू. शुल्क, पर इसके बाद हर 15 मिनिट के लिए 25/– रू. शुल्क देना होगा । सूचना के लिए 50/–प्रति सीडी या छपे दस्तावेजों की वास्तविक लागत पर ।
- मुद्रित रूप से प्रदान की गई सूचना के लिए प्रकाशन हेतु नियत मूल्य पर, या प्रकाशन के उद्धरणों की प्रतिलिपि के लिए 2/– प्रति पृष्ठ ।

सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 6(1) के अंतर्गत आवेदन पत्र का प्रारूप

1. आवेदक का नाम.....
2. पूरा पता/ई–मेल/फैक्स जिस पर जानकारी प्रेषित किया जाना है.....
3. दूरभाष क्रमांक.....
4. आवेदन देने की दिनांक
5. कार्यालय का नाम.....
6. चाही गई जानकारी का विवरण.....
7. क्या चाहते है नकल/निरीक्षण/रिकार्ड निरीक्षण/रिकार्ड की प्रमाणित प्रति/प्रमाणित नमूना.....
8. आवेदक के साथ अदा किये जाने वाले प्रोसेस फीस रू. 10/–नगद/स्टाम्प (बी.पी.एल सूची के सदस्यों को देय नही) रसीद क्रं.....एवं दिनांक.....
9. क्या आवेदक गरीबी रेखा के नीचे है अथवा नही.....हां/नही यदि हां तो बी.पी.एल.सूची का अनुक्रमांक.....

हस्ताक्षर(आवेदनकर्ता)

टीपः– यदि आवेदक द्वारा डाक से आवेदन प्रेषित किया जाता है तो आवेदन पत्र पर रूपये 10/–का नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प चस्पा करते हुए स्वयं का पता अंकित करते हुए आवश्यक राशि का डाक टिकिट लगा लिफाफा संलग्न प्रेषित करें ।

– –

पावती

आवेदन प्राप्त होने की दिनांक.....

1. आवेदनकर्ता को वांछित जानकारी प्राप्त करने के संबंध में अग्रिम कार्यवाही हेतु उपस्थित होने की दिनांक.....
2. संबंधित शाखा/अधिकारी जहां से जानकारी उपलब्ध होगी । (लोक सूचना अधिकारी/सहायक लोक सूचना अधिकारी द्वारा प्राधिकृत)

दिनांक.....

प्राप्तकर्ता के हस्ताक्षर
(पदनाम रबर सील)